रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1641] नई दिल्ली, सोमवार, मई 7, 2018/वैशाख 17, 1940
No. 1641] NEW DELHI, MONDAY, MAY 7, 2018/VAISAKHA 17, 1940

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 मई, 2018

का.आ. 1828(अ).—अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारुप, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, और यह सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देने का इच्छुक है, वह विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, अपनी आपत्ति या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 को या ई-मेल esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकता है।

प्रारूप अधिसूचना

असम सरकार की पहले की अधिसूचना सं. 8, दिनांक 27.08.1881 के द्वारा घोषित होल्लोनगपर रिजर्व वन की संरक्षण स्थिति को उन्नत करके असम सरकार द्वारा अधिसूचना सं एफ आर एस 37/97/13, दिनांक 30.07.1997 होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य को अधिसूचित किया गया था;

और, अभयारण्य का महत्त्वपूर्ण संरक्षित क्षेत्र 2098.621 हेक्टेयर (20.98 वर्ग किलोमीटर) है और यह असम राज्य के जोरहाट जिले में स्थित है। इससे होकर गुजरने वाले मार्ग, इसके आवाह क्षेत्र से गुजरने वाली बारहमासी भोगदोई नदी और अभयारण्य का पारिस्थितिकी पर्यावरण अद्वितीय हैं जहां कई छोटी मौसमी नदियां भी हैं जिनमें जोरहाट जिले के होल्लोनगपर मौजा (तालुका) और नाकाचरी मौजा (तालुका) से गुजरने वाली नदियां भी शामिल हैं जो इस अभयारण्य में जीव-जंतुओं के लिए जल का मुख्य स्त्रोत है;

और, अभयारण्य में विविधतापूर्ण वनस्पति पायी जाती हैं जिनमें 74 वृक्ष प्रजातियां, 17 झाड़ी प्रजातियां और 12, रोही प्रजातियां शामिल हैं। वृक्ष प्रजातियों में होल्लोंग (*डिप्टेरोकार्पस रेटूसा*), सैम (*आर्टोकार्पस चपलाशा*), अमरि (*अमूरा वल्लीची*), सोपास (*मिचलिअ स्प*), भेलु (*टेट्रामेलोस नडीफ्लोरा*), उदल (*स्टेरक्युलिअ विलोसा*), हिंगोरी (*चस्टानोप्सिस स्प*), नाहोर (मुसुआ फेर्रेअ), बांदोरदिमा (*डिऑक्सीलम प्रॉएरूम*), धुंआ (*कैनरियम रेसिनिफेरुम*), भमोरा (*टर्मिनलिए बेलेरिका*), फूल गोमरी (*गमेलिना स्प*), बॉन बोगोरी (*पटेरोस्पेर्म लैंसोफोलोम*), मोरहल (*वाटिका लैंसोफोलीअ*), सस्सी (*अक्लिारिअ अगोलाचा*), ओटेंगा (*दिल्लेनिअ इंडिका*), अजर (*लागेरस्टराइमिआ फ्लॉस-रेगिंए*), बॉन-ऐम (*माँगीफेरा सिल्वाटिका*), अमोरा (*स्पोंडिअस माँगीफेरा*), यूरिअम (*बिस्कोफिए जवनिका*), सेल्लिंग (*सपियम बाक्सातुम*), माहि ठेकेरा (*गर्सिनिअ मोरेल्ला*), कथोलुआ

(*पालकियम ओबोवेटियम*), कुम्भी (*करेया अरबोरी*), गहोरी सोपा (*मैगनोलिया पीलिआना*),गोमारी(*गेमेलिना अर्बोरेआ*), गोहोरा (प्रेम्ना बैंगालेंसिस), गोन्धसोरोइ (*सिन्नामोनियम ग्रन्दिलिफेरुम*), सालमुगरा (*हीड्रोकार्पस कुरजील*), पोरेन्ग (*ऍलएओपुस रोबुस्तुस*), सोतिओना (*आलोस्टोनिअ स्कोलरिस*), चोम (*मचिलुस ओदोरतिस्सिमे*), चेवा (*कार्याटा उरुस*), जुतुलि (*अल्तिन्गिअ एक्षुल्सा*), जोरि (*फिस्कुस बेंजामिन*), तितस्योपा (*मिचलिआ चम्पका*), पैन चौपा (*मैगनोलिया स्फेनोकार्पा*), बोहोत (*आर्टोकार्पु लकुचा*), फ़क़देमा (*त्रिवेअ ओरेन्तलिस*), फूल सोपा (*मैगनोलिया हूकारी*), बोरहोमथुरी (*टालॉमा होड्गसन*), बोगी जामुक (*एउगेनिआ कुरजी*), बोर जामुक (*एउगेनिअ जाम्बुलअना*), बाघ नोला (*लित्स्सेआ सेबिफेरा*), भात्घिल्ला (*ऑरोक्सिलोम इंडिकॉम*), बोमोरा (*टर्मिनलीआ बेलेरिका*), मेजंगकोरी (*लिटसेअ सित्राता*), खोकोन(*दुभांगा सोनरटोइडस*), रुद्राखा (*एलएओपुस गेनित्रस*), रघु (*अन्थोसेफालुस कदम्बा*), सिमुल (*बोमबाक्स सिबा*), लेतेकु (बकेउरिया *सपेदा*), हीलिखा (*टर्मिनलिक चेबुला*), होउरा (*ट्रोफिस एस्पेरा*), हल्दू सोपा (*अदिने कर्डिफोलिआ*), होलोख (*टर्मिनलीआ मैरिओकार्पा*), हेलोच (*अन्तिदेसमे घिसाएमबिला*), भेलकोर (*ट्रेविआ नडीफ्लोरा*), बोअल (*करदिअ ओब्लिए*), बोनसम (*फ़ोएबे गोआलपारेंसिस*), बोरपात (*ऐलन्थस ग्रान्डिस*), डमरू (*फिक्स स्प*), घोरा नीम (*मेलिए इंडिका*), हुआलु (*लिटसेयि पोल्यंथा*), *जलपाई (इलाइओकारपूस वरुणा), कंचन (बॉहिनिअ पुरपुरी), कसेरू (हेटेरोपनक्स फ्रैगरैंस)*, कोरोइ (*अल्बेज़िए प्रोसेरा*), मौज (*अजबेजिया लउकीदो*), मोरोलीअ (*मल्लोटस अलबूस*), नागाभे *(स्कीमा वल्लीची)*, पारोली *(स्टेरोस्पेर्म चेलोनोइड्स)*, पोमा *(सेडरेला टोने)* और टेपोर ठेंगा *(गर्सिनिअ स्प)* शामिल हैं;

और, झाड़ी एवं रोही हारपगन्धा (*रवोल्फिआ सर्पेन्टीन*), गु-फूल(*लांटेना कैमरा*), जरमोनी (*एयपोटोरियम ओडोरातुम*), जेटली पोका (*रुबूसमुलुकानुस*), तोरा(*अलीअ अलुघस*), धोपट्टीते (*फ्लोगंटूस क्रविफ्लोरस*), नल (*अरुणडोडोनक्स*), खोजोरी (*फ्राग्मितेस करके*), निलजी बॉन (*मिमोसा पुडिका*), पतिदोई (*इलिनॉयने दीचोटोमा*), पोछोतीअ (*बुदद्लीरिअ असिटिक*), फुचका (*ओस्बेकिआ रत्नता*), बीवी हबोटा (*डेस्मोडियम लबोरनिफोलियम*), बहक तीता (*अधाटोडा स्प*), काउण्ट (फ्रीनियम स्प), माखिओटी (फ्लेमिनज़िआ स्ट्रीक्टा), मेजेंगा (विबरनुम कोलेबूकीअनुम),अमाइलोटा (मेंइसपरनुम ग्लाब्रम), हरजूरा लोटा *(सिस्सुस क्वाड्रंगुलारिस)*, आकाशीलता *(तरचेलोसपेरमुम फ्रैगरैंस)*, पनिलोटा *(दिलीना सेरमेंटोसा)*, कोलीअलोटा *(मेर्रेमिअ उम्बल्लता)*, पीपली *(पाइपर लोंगम)*, लातुमोनी *(अब्रुस प्रेकटोरिओउस)*, मेकुरी चली *(कबरेतुम डुंडरूम)*, जेंगु बेट *(कैलमेस इरेक्टस)*, जाती बेट *(कैलमेस तेनेइसे)*, रैदांग बेट *(कलेमस फ्लागेल्लुम)* और लेजाई बेट *(कलेमस फ़्लोरीबंदुस)*. शामिल हैं। अभयारण्य में औषधीय रोही, झाडी, मोस्स, फर्न आदि के अलावा महत्त्वपूर्ण दुर्लभ प्रजातियाँ जैसे *दीपटेरोकारपुस रेतुसा, फिकुस स्पा, अरटोकरपुस चापलासा, लिटसेयि चीतराटा, अक्यूइलारिया अगलोचा* आदि विद्यमान है;

और, अभयारण्य में **11** स्तनधारी प्रजातियां, **5** सरीसृप और उभयचर प्रजातियां और **31** पक्षी-जीव प्रजातियाँ विद्यमान हैं। इनमें बाघ (स्टराय) (*पैंथेरा टाइगरिस*), एशियाई हाथी (*एलिफस मैक्सीमूस*), तेंदुआ (*पेन्थेरा प्रड्यूस*), साल (*मानिस क्रैसिकाउडाटा*), बनबिलार (फेलिस चाउस), भारतीय सिविट *(विवरर्डि स्पा)*, विशाल गिलहरी *(रेतुफा बिकोलोर)*, मुंजक *(मुनटीक्स मुनतजक)*, सांभर हिरण *(केरवुस यूनिकोलोर)*, जंगली सूअर *(सूस स्कोरफा)*, पाँच-धारीदार गिलहरी *(फनाम्बुलुस पेन्नांटी)*, भारतीय पायथन *(गेनुस पायथोन), सामान्य मॉनिटर लिर्जाड (वरानुस गरीसूस), इंडियन टेंट कछुआ (कचुगा टेक्टा टेक्टा)*, छिपकली *(कलोदुक्टयलाइदेस उयरेउस), सामान्य कोबरा (नाजा स्पा)*, वाइट विंजेड वोड डक *(कैरिना स्कुतुलाटा)*, हॉर्न बिल *(पटीलोलाइमुस टीककालि उयस्टेनी)*, भारतीय पाइर्ड हॉर्न बिल *(अंथराकोकेरोस मालाबरिकुस)*, ओस्प्रे *(पंदीओन हालिअटेटुस)*, हिल मायना *(ग्राकुला रेलिगिओसा इंडिका)*, कालीज तीतर *(लोफुरा लेउकोमाला)*, बैबलर *(टीमालिनिया स्पा), बरबेटस (कपिटोनिदे स्पा), बिट्टेरेंस (अरदेइदिया स्पा)* किंग फिशर *(अल्केदीनिदेय)*, ओरिओलेस *(ओरिओलिदया)*, *बुलबुलस (पयच्नोनोटीदेया स्पा)*, उल्लू (*स्टरीगिदेया*), सफेद बगुला *(अरीदइदआ)*, जलकाग *(फालाकरोकोराचीदे)*, मैना *(स्तरनिदेया)*, कोयल *(कुकुलिदेया)*, मैग्पाइज (*कोरविदेया*), कबूतर *(कोलुम्बिदेया), डारटेर्स (फालाक्रोरासिदेया), डरोवेस (कोलुम्बिदिया), ब्लू जाय (कोराकिदिया), तेअल्स (अनाटीदिया)*, ट्री पाई *(कोरविदिया), बायस (पलोकेइदिया)*, जंगल मुर्गी *(फसिअनिदिया)*, मिनिविट *(काम्पेफागिदिया), मुनिअस (इस्टरीलिदना)*, तोता *(पसिट्टाकिदिया)*, कठफोड़वा *(पिकिदिया)* और टीटस (परिदेइ) शामिल हैं। अभयारण्य जैवविविधता को समृद्ध करने वाली सात दुर्लभ प्रमुख प्रजातियों को भी संरक्षण देता है;

और, यह अभयारण्य विविधतापूर्ण भू-दृश्य है एक महत्त्वपूर्ण हाथी गलियारा इसका अभिन्न भाग है। इसमें दिसाई और दिसाई घाटी रिजर्व वन है, और इसके दक्षिण में नागालैंड का भू-भाग मिलता है;

और, अभयारण्य मारियानी मौज़ा (तालुका) से 3.0 किलोमीटर और जोरहाट शहर से 18 किलोमीटर दूर स्थित है और तेज़ी से होता शहरीकरण आगे चलकर पक्षियों, पशुओं और अभयारण्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है; अभयारण्य से एक रेलवे लाइन और एक सड़क भी गुजरती है जिससे यह सड़क यातायात के लिए खुल जाता है और अभयारण्य के पारिस्थितिकी तंत्र को हानि पहुंचती है;

और, अभयारण्य में विविध प्रकार के वनस्पति, जीवजंतु और पक्षी जीव रहते हैं। यह स्थानिक वन्यजीवों की दुर्लभ और संकटापन्न प्रजातियों को संरक्षण प्रदान करता है। अत: पर्यावरण और पारिस्थितिकी की दृष्टि से इस अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को संरक्षण और परिरक्षण आवश्यक है ताकि इसकी जैव-विविधता और पर्यावरण की रक्षा की जा सके;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की उपधारा (1) तथा धारा 3 की उपधारा (2) एवं उपधारा (3) के खंड (v) और खंड (xiv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, असम राज्य में होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य की सीमा से 0.0 किलोमीटर (नागालैंड के साथ अंतरराज्यीय सीमा) से 22.54 किलोमीटर तक के 264.62 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा**.—(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्र 2098.621 हेक्टेयर (20.98 वर्ग किलोमीटर) है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा अभयारण्य की सीमा से 0.0 किलोमीटर (नागालैंड के साथ अंतरराज्यीय सीमा) से 22.54 किलोमीटर तक विस्तारित है।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध I** में दिया गया है।

(3) अधिकतम और न्यूनतम अक्षांशों और देशांतरों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का मानचित्र **उपाबंध II** के रूप में संलग्न है।

(4) अधिकतम और न्यूनतम अक्षांशों और देशांतरों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के भूमि उपयोग और भूमि क्षेत्र का मानचित्र **उपाबंध III** के रूप में संलग्न है।

(5) अक्षांशों और देशांतरों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के निर्देशांक **उपाबंध IV** के रूप में संलग्न है।

(6) संरक्षित और समीपवर्ती क्षेत्रों में अभिलिखित वनस्पति और जीवजंतुओं की सूची **उपाबंध V** के रूप में संलग्न है।

(7) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध VI** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.—(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए, राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए, राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ एक आंचलिक महायोजना बनायेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार बनायी जाएगी ।

(3) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को शामिल करने के लिए इसे राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से बनाया जाएगा, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण विभाग;

(ii) वन और वन्यजीव विभाग;

(iii) कृषि एवं बागवानी विभाग;

(iv) भूमि राजस्व और निपटान विभाग;

(v) ग्रामीण विकास विभाग;

(vi) शहरी विकास विभाग;

(vii) नगरपालिका विभाग;

(viii) पंचायती राज विभाग;

(ix) पारिस्थितिकी पर्यटन सहित पर्यटन विभाग

(x) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग;

(xi) राजस्व विभाग;

(xii) लोक निर्माण विभाग;

(xiii) असम राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों की बहाली, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा का निर्धारण किया जाएगा।

(7) आंचलिक महायोजना में विद्यमान और प्रस्तावित भू- उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा देने वाले मानचित्र भी दिए जाएंगे।

(8) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन किया जाएगा और सारणी में यथासूचीबद्ध प्रतिषिद्ध एवं विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(9) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी।

(10) अनुमोदित आंचलिक महायोजना, निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.—**राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(ख) परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, निगरानी समिति की सिफारिश पर और सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा:

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग;

(v) पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, स्थानीय सुविधाएं तथा ग्रह वास; और

(vi) बढ़ावा दिए गए और पैरा-4 में उल्लिखित क्रियाकलाप।

(ग) परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुज्ञात नहीं होगा।

(घ) परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी ।

(ड.) परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा ।

(च) परंतु यह भी कि वन क्षेत्र और कृषि क्षेत्र जैसे हरित क्षेत्र में कोई पारिणामी कमी नहीं की जाएगी और अनुप्रयुक्त या बंजर या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में वनीकरण पर्यावास एवं जैव-विविधता को बहाल करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत**- आंचलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों/नदियों/जलमार्गों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा जल आवाह प्रबंधन योजना इस रीति से बनाई जाएगी कि उसमें इन क्षेत्रों या इनके निकटवर्ती क्षेत्रों में विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध और निर्बंधित किया गया हो ।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिकी पर्यटन –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन सम्बंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुज्ञात होगा ।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभागों के परामर्श से पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी ।

(घ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात् :-

(i) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 1.0 किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिसोर्ट का नया सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। तथापि, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 1.0 किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार नए होटलों और रिसोर्टों की स्थापना अनुज्ञात की जाएगी।

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा ।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल/रिसोर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986,(1986 का 29) के अधीन बनाए गए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अन्तर्गत शामिल किए गए पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण संबंधी साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, इनमें जो भी अधिक कठोर हों, के अनुसार किया जाएगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट** - जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय-समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **सड़क-यातायात:-** सड़क-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे। आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार सड़क-यातायात के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण:-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा। स्वच्छतर ईंधन जैसे कि सीएनजी, एलपीजी आदि के प्रयोग के प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां:-** (i) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को या उसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए प्रदूषणकारी उद्योग की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी।

(ii) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण:-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

(18) केन्द्र सरकार और राज्य सरकार, यदि आवश्यक समझें तो, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए, अन्य उपाय विनिर्दिष्ट करेंगी।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड) अधिसूचना, 2011 एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 सहित उसके अधीन बने नियमों और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सहित अन्य लागू नियमों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणी
		क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप
1.	वाणिज्यिक खनन ।	(क) स्थानीय निवासियों की वास्तविक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किए जाने वाले क्रियाकलापों, जिनमें घरों के निर्माण या मरम्मत और मकान बनाने एवं अन्य क्रियाकलापों के लिए देशी टाइलें या ईटें बनाने हेतु जमीन की खुदाई शामिल है, को छोडकर सभी नई और वर्तमान (लघु एवं वृहद खनिज) पत्थर खोदने एवं तोडने वाली ईकाइयां तत्काल प्रभाव से निषिद्ध की जाती हैं ; (ख) खनन क्रियाकलाप, टी.एन. गोदावर्मन थिरूमलपाद बनाम भारत संघ के मामले में वर्ष 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं 202 में दिनांक 4 अगस्त, 2006 तथा गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में वर्ष 2012 की रिट याचिका(सिविल) सं. 435 में दिनांक 21 अप्रैल, 2014 के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार किए जाएंगे।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) उत्पन्न करने वाले नए तेल और गैस खोज उद्योगों सहित उद्योगों की स्थापना ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी। (ख) जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
3.	बड़ी ताप एवं जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नई आरा मिलों की स्थापना और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
8.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
		विनियमित क्रियाकलाप
9.	होटलों और रिजॉर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1.0 किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी। परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1.0 किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, सभी नए पर्यटन

		क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।
10.	फर्मों, कारपोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
11.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1.0 किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: (ख) परंतु स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी :- (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण करना; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण करना; (iii) फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार गैर- प्रदूषणकारी लघु उद्योगों की स्थापना ; (iv) ग्रामीण उद्योगों सहित कुटीर उद्योगों, सुविधा भण्डारों और ग्रह-वास सहित पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक स्थानीय सुविधाओं की व्यवस्था; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध बढ़ावा दिए गए क्रियाकलाप । (ग) परन्तु गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (घ) 1.0 किलोमीटर क्षेत्र से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
12.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों तथा पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाने वाले अपरिसंकटमय लघु और सेवा उद्योगों, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होगी।
13.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई की अनुज्ञा नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
14.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों (एनटीएफपी) का संग्रह ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
15.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
16.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था।	यह व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
17.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण करना।	ये कार्य लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ किये जाएंगे।
18.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उडाना आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	पर्वतीय ढलानों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
20.	रात्रि में सड़क यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।

21.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
23.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक प्रयोग एवं निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
24.	कृषि या अन्य उपयोग के लिए खुले कुएं/ बोर कुएं आदि का निर्माण।	समुचित प्राधिकारी द्वारा विनियमित किया जाएगा तथा क्रियाकलाप की सख्त निगरानी की जाएगी।
25.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर पॉलिथीन बैग के उपयोग की अनुमति होगी परन्तु यह विशिष्ट आवश्यकता के आधार पर लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
26.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
27.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
28.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
	ग.बढ़ावा दिए गए क्रियाकलाप	
29.	वर्षा जल संचय।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
30.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
31.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
32.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
33.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
38.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. निगरानी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 (1) की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की प्रभावी निगरानी के लिए निम्नलिखित को शामिल करके एक निगरानी समिति गठित करती है:-

(i)	उपायुक्त, जोरहाट	-अध्यक्ष;
(ii)	क्षेत्र का वरिष्ठ योजनाकार	–सदस्य;
(iii)	प्रकृति के संरक्षण (विरासत संरक्षण सहित), के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन का असम राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट प्रतिनिधि	–सदस्य;
(iv)	क्षेत्रीय अधिकारी, असम राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिबसागर	–सदस्य;
(v)	प्रतिष्ठित संस्थान/ विश्वविद्यालय से असम संस्थान द्वारा नामित पारिस्थितिकीय विशेषज्ञ	–सदस्य;
(vi)	सदस्य सचिव, राज्य जैव विविधता बोर्ड, असम	–सदस्य;
(vii)	जिला उद्योग अधिकारी, जोरहाट	–सदस्य;
(viii)	जिला कृषि अधिकारी, जोरहाट	–सदस्य;
(ix)	जिला मत्स्य अधिकारी, जोरहाट	–सदस्य;
(x)	संभागीय वन अधिकारी, जोरहट संभाग, जोरहाट	–सदस्य सचिव।

6.विचारार्थ विषय:- (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और इसके बाद निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) निगरानी समिति, इस अधिसूचना के पैरा-4 में दी गई सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों सहित पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के अंतर्गत आने वाले उन क्रियाकलापों को अनुज्ञात नहीं करेगी जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचनाओं अर्थात् पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 सं.का.आ.1533 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 और तटीय विनियम जोन अधिसूचना, 2011 सं.का.आ 19 (अ), तारीख 6 जनवरी, 2011 तथा इनमें किए गए परिवर्ती संशोधनों की अनुसूची के अंतर्गत आते हैं। केवल श्वेत श्रेणी के उद्योगों को ही केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा "उद्योगों के वर्गीकरण, 2016" के लिए जारी दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट माना जाएगा।

(4) वे क्रियाकलाप, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचनाओं सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 और का.आ. 19 (अ), तारीख 6 जनवरी, 2011 की अनुसूची के अंतर्गत नहीं आते हैं और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा में आते हैं, उनकी, इस अधिसूचना के पैरा-4 में दी गई सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, वास्तविक स्थल–विशिष्ट दशाओं के आधार पर निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा करके उन्हें संबंधित विनियामक प्राधिकरणों को भेजा जाएगा।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबंधित जिलाधीश या संबंधित प्रभारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों को, प्रत्येक मामले मे आवश्यकता के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में वन्यजीव वार्डन को, **उपाबंध VII** में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

(9) इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

(10) इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/55/2017-ईएसजेड]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य, असम के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

पूर्व:-जीपीएस बिंदु सं. 1 (94° 23' 14.681" पू और 26° 41' 29.920" उ) से सीमा जीपीएस बिंदु सं 2 को पार करके चाय बागान के साथ जाकर जीपीएस बिंदु सं.3 (94° 22' 16.632" पू और 26° 40' 17.275" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं. 3 से सीमा सड़क के साथ दक्षिण की ओर जाकर जीपीएस बिंदु सं.4 (94° 22' 27.612" पू और 26° 40' 3.979" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.4 से पुन: सीमा जीपीएस बिंदु सं. 5 को पार करके चाय बागान सीमा के साथ जाकर जीपीएस बिंदु सं.6 (94° 23' 9.328" पू और 26° 39' 47.632" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.6 से पुन: सीमा सड़क के साथ दक्षिण की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं.7 (94° 23' 36.674" पू और 26° 39' 15.625" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.7 से सीमा चाय बागान के साथ जाती है। और जीपीएस बिंदु सं. 8 (94° 23' 54.414" पू और 26° 38' 45.600" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.8 से सीमा जीपीएस बिंदु सं.9 एवं 10 को पार करके दिसाई रिजर्व वन की रिजर्व वन सीमा के साथ पूर्व की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं.11 (94° 27' 10.359" पू और 26° 39' 16.601" उ) से मिलती है। वहां से सीमा रिजर्व वन सीमा (असम नागालैंड अंतरराज्यीय सीमा) के साथ जाती है और जीपीएस बिंदु सं.12 (94° 27' 57.392" पू और 26° 38' 0.138" उ) से मिलती है।

दक्षिण:- जीपीएस बिंदु सं. 12 (94° 27' 57.392" पू और 26° 38' 0.138" उ) से सीमा जीपीएस बिंदु सं.13,14,15,16,17,18,19,20,21,22,23,24,25,26,27,28 एवं 29 को पार करके दिसाई एवं दिसाई घाटी रिजर्व वन (असम नागालैंड अंतरराज्यीय सीमा) की रिजर्व वन सीमा के साथ पश्चिम की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं.30 (94° 18' 59.946" पू और 26° 27' 32.039" उ) से मिलती है।

पश्चिम:- जीपीएस बिंदु सं. 30 (94° 18' 59.946" पू और 26° 27' 32.039" उ) से सीमा जीपीएस बिंदु सं.31,32,33,34 एवं 35 को पार करके दिसाई घाटी रिजर्व वन (असम नागालैंड अंतरराज्यीय सीमा) की रिजर्व वन सीमा के साथ उत्तर की ओर जाकर जीपीएस बिंदु सं.36 (94° 17' 4.305" पू और 26° 33' 44.203" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं. 36 से सीमा जीपीएस बिंदु सं. 37,38,39,40 एवं 41 को पार करके दिसाई घाटी रिजर्व वन सीमा के साथ पूर्व की ओर मुड़ती है। और

जीपीएस बिंदु सं. 42 (94° 23' 6.610" पू और 26° 37' 57.755" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.42 से सीमा जीपीएस बिंदु सं. 43,44,45,46,47,48,49 एवं 50 को पार करके भोगदई नदी और दिसाई नदी के बाएं तट के साथ उत्तर की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं. 51(94° 16' 48.306" पू और 26° 43' 59.786" उ) 23' 24.281" पू और 26° 44' 18.300" उ) से मिलती है। जीपीएस बिंदु सं.56 से सीमा जीपीएस बिंदु सं. 57 को को पार करके सड़क के साथ दक्षिण की ओर जाकर जीपीएस बिंदु सं.58 (94° 24' 2.960" पू और 26° 41' 18.688" उ) से मिलती है जीपीएस बिंदु सं.58 से सीमा सड़क के साथ पश्चिम की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं. 59 (94° 23' 16.032" पू और 26° 40' 50.899" उ) से मिलती है।

उत्तर:-जीपीएस बिंदु सं. 59 से सीमा सड़क के साथ उत्तर की ओर जाती है और जीपीएस बिंदु सं.1 (94° 23' 14.681" पू और 26° 41' 29.920" उ) से मिलती है।

अभयारण्य की पश्चिमी सीमा नागालैंड के साथ अंतरराज्यीय सीमा को छूती है और अत: पारिस्थितिकी संवेदी जोन 0.0 किलोमीटर प्रस्तावित किया गया है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा 0.0 किलोमीटर (नागालैंड के साथ अंतरराज्यीय सीमा) से 22.54 किलोमीटर के बीच है।

उपाबंध II

अधिकतम और न्यूनतम अक्षांश और देशांतर के साथ होल्लोनगपर-गिब्बन

अभयारण्य की सीमा के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध III

अधिकतम और न्यूनतम अक्षांश और देशांतर के साथ होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भूमि उपयोग और भूमि क्षेत्र को दर्शाने वाला मानचित्र



उपाबंध IV

होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य के मुख्य बिंदुओं को दर्शाने वाले जी.पी.एस निर्देशांक

जीपीएस बिंदु	देशांतर	अक्षांश
1	94° 22' 5.369" पू	26° 43' 14.526" उ
2	94° 21' 44.154" पू	26° 42' 33.281" उ
3	94° 21' 45.902" पू	26° 41' 59.451" उ
4	94° 21' 44.588" पू	26° 41' 24.186" उ
5	94° 21' 28.134" पू	26° 40' 51.434" उ
6	94° 21' 37.449" पू	26° 39' 56.337" उ
7	94° 20' 54.065" पू	26° 39' 37.576" उ
8	94° 20' 25.370" पू	26° 40' 32.105" उ
9	94° 19' 13.121" पू	26° 40' 8.556" उ
10	94° 19' 8.815" पू	26° 40' 17.324" उ
11	94° 18' 41.036" पू	26° 40' 46.645" उ
12	94° 18' 30.120" पू	26° 41' 14.195" उ
13	94° 18' 15.841" पू	26° 41' 32.983" उ
14	94° 19' 18.964" पू	26° 41' 59.067" उ
15	94° 18' 50.889" पू	26° 42' 24.862" उ
16	94° 19' 27.784" पू	26° 42' 19.920" उ
17	94° 20' 12.239" पू	26° 42' 13.733" उ
18	94° 20' 50.712" पू	26° 42' 7.986" उ
19	94° 20' 53.612" पू	26° 42' 52.873" उ
20	94° 21' 34.283" पू	26° 43' 8.484" उ

होल्लोनगपर-गिब्बन अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा के मुख्य बिंदुओं को दर्शाने वाले जी.पी.एस निर्देशांक

जीपीएस बिंदु	देशांतर	अक्षांश
1	94° 23' 14.681" पू	26° 41' 29.920" उ
2	94° 21' 58.733" पू	26° 40' 54.190" उ
3	94° 22' 16.632" पू	26° 40' 17.275" उ
4	94° 22' 27.612" पू	26° 40' 3.979" उ
5	94° 22' 44.856" पू	26° 40' 13.435" उ
6	94° 23' 9.328" पू	26° 39' 47.632" उ
7	94° 23' 36.674" पू	26° 39' 15.625" उ
8	94° 23' 54.414" पू	26° 38' 45.600" उ
9	94° 24' 31.095" पू	26° 39' 26.119" उ
10	94° 26' 8.448" पू	26° 39' 56.055" उ
11	94° 27' 10.359" पू	26° 39' 16.601" उ

12	94° 27' 57.392" पू	26° 38' 0.138" उ
13	94° 27' 15.774" पू	26° 38' 9.378" उ
14	94° 26' 18.451" पू	26° 37' 27.401" उ
15	94° 24' 55.909" पू	26° 36' 53.720" उ
16	94° 24' 9.908" पू	26° 36' 8.385" उ
17	94° 24' 33.452" पू	26° 35' 10.842" उ
18	94° 24' 25.974" पू	26° 34' 15.262" उ
19	94° 24' 21.288" पू	26° 33' 23.163" उ
20	94° 24' 16.844" पू	26° 32' 49.680" उ
21	94° 23' 51.958" पू	26° 32' 17.464" उ
22	94° 23' 34.682" पू	26° 31' 50.761" उ
23	94° 22' 47.947" पू	26° 31' 30.131" उ
24	94° 22' 16.926" पू	26° 30' 55.641" उ
25	94° 21' 44.231" पू	26° 30' 23.364" उ
26	94° 21' 9.009" पू	26° 30' 0.605" उ
27	94° 20' 57.257" पू	26° 29' 26.790" उ
28	94° 20' 17.557" पू	26° 28' 55.367" उ
29	94° 19' 31.392" पू	26° 28' 33.835" उ
30	94° 18' 59.946" पू	26° 27' 32.039" उ
31	94° 18' 16.389" पू	26° 27' 49.605" उ
32	94° 17' 36.034" पू	26° 28' 29.485" उ
33	94° 17' 18.566" पू	26° 29' 38.238" उ
34	94° 17' 10.442" पू	26° 30' 48.756" उ
35	94° 16' 55.540" पू	26° 32' 2.181" उ
36	94° 17' 4.305" पू	26° 33' 44.203" उ
37	94° 17' 37.623" पू	26° 34' 16.571" उ
38	94° 18' 35.813" पू	26° 34' 44.390" उ
39	94° 19' 32.812" पू	26° 35' 44.785" उ
40	94° 20' 47.911" पू	26° 36' 26.203" उ
41	94° 21' 46.973" पू	26° 37' 20.167" उ
42	94° 23' 6.610" पू	26° 37' 57.755" उ
43	94° 22' 13.726" पू	26° 38' 2.520" उ
44	94° 20' 55.265" पू	26° 38' 27.840" उ
45	94° 20' 3.032" पू	26° 39' 2.789" उ
46	94° 19' 19.293" पू	26° 39' 46.253" उ
47	94° 18' 39.098" पू	26° 40' 41.041" उ
48	94° 18' 27.490" पू	26° 41' 15.839" उ
49	94° 17' 51.098" पू	26° 42' 4.516" उ
50	94° 17' 9.801" पू	26° 42' 49.134" उ

51	94° 16' 48.306" पू	26° 43' 59.786" उ
52	94° 18' 19.472" पू	26° 44' 33.213" उ
53	94° 19' 37.013" पू	26° 44' 52.619" उ
54	94° 19' 53.855" पू	26° 44' 26.751" उ
55	94° 21' 38.543" पू	26° 44' 15.740" उ
56	94° 23' 24.281" पू	26° 44' 18.300" उ
57	94° 23' 42.683" पू	26° 42' 56.295" उ
58	94° 24' 2.960" पू	26° 41' 18.688" उ
59	94° 23' 16.032" पू	26° 40' 50.899" उ

उपाबंध V

होल्लोनगपर गिब्बन अभयारण्य की वनस्पतियों की सूची:

क्र.सं.	अंग्रेज़ी नाम (स्थानीय नाम)	वैज्ञानिक नाम
1.	होल्लोंग	*(दीप्टेरोकरपुस रेटुसा)*
2.	शाम	*(अरटोकरपुस चाप्लासा)*
3.	अमेरी	*(अमौरा वाल्लीची)*
4.	सोपस	*(मिचेल्लिया स्पा)*
5.	भेलु	*(टेटरामेलोस नुदीफलोरा)*
6.	उदाल	*(स्टेरकुलिया विल्लोसा)*
7.	हींगोरी	*(कस्टनोपसिया स्पा.)*
8.	नहोर	*(मुसुआ फेरी)*
9.	बंदोरदीमा	*(डिऑक्सीलम परोकेरूम)*
10.	धुना	*(केनारीउम रेसिनिफेरूम)*
11.	भोमोरा	*(टर्मिनालिया बेलेरीका)*
12.	फुल गोमरी	*(गमेनिना स्पा.)*
13.	बोन बोगोरी	*(पटेरोसपेरमुम लांकेओफोलुम)*
14.	मोरहाल	*(वाटिका लांकेओफोलिया)*
15.	सस्सी	*(अक्यइलारिया अगोलाचा)*
16.	ओटेंगा	*(दिल्लेनिया इंडिका)*
17.	अजर	*(लागेरस्ट्रोइमिलिया फलोस- रेगिनिया)*
18.	बोन-अम	*(मेंगिफेरा सिलवाटिका)*
19.	अमोरा	*(स्पोंदीअस मंगिफेरा)*
20.	उरीअम	*(बिस्कोफिया जवानिका)*
21.	सेल्लेंग	(स्पपियम बेच्चतुम)
22.	माही थेकेरा	*(गरचिनिया मोरेल्ला)*
23.	कथोलुअ	*(पलेक्यूइउम अबोवाटीउम)*
24.	कुम्भी	*(केरेया अरबोरया)*
25.	गहोरी सोपा	*(मगनोलिया पैलियना)*
26.	गोमरी	*(गमेलिना अरबोरिया)*

27.	गोहोरा	*(परेन्ना बेंगालेंसिस)*
28.	गोंधसोरोइ	*(कन्नामोनियम ग्रांदीलिफेरूम)*
29.	संलमुगरा	*(हायद्रोकरपुस कुरजिल)*
30.	पोरेंग	*(इलाइआकारपुस रोबुस्टुस)*
31.	सोटीअना	*(अलास्टोनिया स्चोलारइस)*
32.	चोम	*(मचीलुस ओदोराटीस्सिमे)*
33.	चेवा	*(केरयोटा उरेउस)*
34.	जुतुली	*(अल्टीगनिया इक्उलसा)*
35.	जोरी	*(फिकुस बेंजामिने)*
36.	टीटसोपा	*(मिचेनिया चम्पक)*
37.	पेन चोपा	*(मेगनोलिया स्पहेनोचारपा)*
38.	बोहोत	*(अरटोकारपुस लाखौचा)*
39.	फक्देमा	*(टरीविया आरेंटलिस)*
40.	फुल सोपा	*(मेगनोलिया हौकारि)*
41.	बोरहोमथुरी	*(तलाउमा होदगसो)*
42.	बोगी जमुक	*(इयगेनिया कुर्राजे)*
43.	बोर जमुक	*(इयगेनिया जाम्बुलाना)*
44.	बाघ नोला	*(लिटेस्सिया सेबिफेरा)*
45.	भाटघील्ला	*(अरोक्यलुम इंडिकाम)*
46.	बोमोरा	*(टर्मिनालिया बेलेरिका)*
47.	मेजांगकोरी	*(लिटसेया चिटराटा)*
48.	रूदराखा	*(इलाइओकारपुस गनीटरूस)*
49.	रघु	*(अंथोकेफाल्लुस केडम्बा*
50.	सिमुल	*(बोम्बक्स केइबा)*
51.	लतेकु	(बैसाइरा सपेदा)
52.	हीलिखा	*(ट्ररमिनालिका चेम्बुला)*
53.	होउरा	*(ट्ररोपिस असपेरा)*
54.	हल्दु सोपा	*(अदीना कार्डिफ़ोलिया)*
55.	होलोख	*(टर्मिनलिया मेरिओकार्पा)*
56.	हेलोच	*(एंटिदेसमा घेसामेम्बीला)*
57.	भेल्कोर	*(टरेविया नुदीफलोरा)*
58.	बोअल	*(कोरदीया ओबिक्यूइ)*
59.	बोंसुम	*(फोइबे गोअल्फरेंसिस)*
60.	बोरपत	*(अलांथुस ग्रांदीस)*
61.	दीमरू	*(फिकुस स्पा.)*
62.	घोरा नेइम	*(मेलिया इंडिका)*
63.	हुअलु	*(लिटसे पोलयांथा)*
64.	जल्पाइ	*(इलाइओकेरपुस वरूंना)*
65.	कंचन	*(बउहीनिया पुरपुरेया)*

66.	केसेरू	*(हटेरोपनाक्स फराग्रामस)*
67.	खोकोन	*(दुबंगा सोंनेराटोइदेस)*
68.	कोरोइ	*(अल्बेजिया परोकेरा)*
69.	मोज	*(अल्बेजिया लुकिदा)*
70.	मोरोलीया	*(माल्लोटुस अल्बुस)*
71.	नागभे	*(स्चिमा वाल्लिच्चि)*
72.	परोली	*(स्टरोस्पेरमुम चेलोनोइदेस)*
73.	पोमा	*(केदरेला टौना)*
74.	तेपोर टेंगा	*(ग्राकीनिया स्पा)*
	झाड़ियाँ	
1.	हरपागोंधा	*(रावाल्फिया सेरपेंटिना)*
2.	गु- फुल	*(लांटेना कैमेरा)*
3.	जरमोनी	*(इयुपोटोरियम ओदोरातुम)*
4.	जेतुली पोका	*(रूबुस मुलुकेनुस)*
5.	तोरा	*(अल्पिनिया अल्लुघुस)*
6.	धोपट्टीटा	*(फलोगंथुस क्रिविफलोरूस)*
7.	नाल	*(अरूंदोदोनाक्स)*
8.	खोगोरी	*(फरागमीटेस क्रका)*
9.	नीलाजी बोन	*(मिमोसा पुदीका)*
10.	पतीदोइ	*(इलिनोगयने दीचोटोमा)*
11.	पोचोटिया	*(बुद्दलिरिया असिअटिका)*
12.	फुटुका	*(ओस्बेकिया रास्ट्राटा)*
13.	बिओनी हबोटा	*(देस्मोदीउम लाबोरनिउम)*
14.	बहोक टीटी	*(अधाटोडा स्पा.)*
15.	कुपत	*(फरयनिउम स्पा.)*
16.	मखिओटी	*(फ्लेमिंजिया स्टरीकटा)*
17.	मेजेंगा	*(विबुरनुम कोलेबौनुम)*
	रोही	
1.	अमोइलोटा	*(मेनिस्पेरनुम गलाबरूम)*
2.	हरजुरा लोटा	*(किस्सुस क्युदरांगुलारिस)*
3.	अकासीलोटा	*(टराचेलोस्पेरमुम फराग्रांस)*
4.	पनीलोटा	*(दीलिना सेरमेंटोसा)*
5.	कोलीअलोटा	*(मेरेंमिया उमबेल्लाटा)*
6.	पिपोली	*(पिपेर लोंगुम)*
7.	लतुमोनी	*(अबरूस परेकाटोरिउस)*
8.	मेकुरी चली	*(कोम्बरेतुम देकुंदरूम)*
9.	जेंगु बेट	*(कलामुस इरेक्तुस)*
10.	जटी बेट	*(कलामुस टेनेविश)*
11.	रइदंग बेट	*(कालेमुस फलागेल्लुम)*
12.	लेजइ बेट	*(कलेमुस फलोरीबुंदुस)*

होल्लोनगपर गिब्बन अभयारण्य के जीवजंतुओं की सूची:

क्र.सं.	**अंग्रेज़ी नाम (स्थानीय नाम)**	**वैज्ञानिक नाम**	**अनुसूची**
स्तनधारी			
1.	बाघ (स्ट्राय)	(*पैंथेरा टाइगरिस*),	अनुसूची – I
2.	एशियाई हाथी	(*एलिफस मैक्सीमूस*)	अनुसूची
3.	तेंदुआ	(*पेन्थेरा प्रड्यूस*)	अनुसूची
4.	साल	*मानिस क्रैसिकाउडाटा*)	अनुसूची
5.	बनबिलार	*(फेलिस चाउस)*	अनुसूची – II
6.	भारतीय सिवेट	*(विवेरिरियेया स्पा.)*	अनुसूची
7.	विशाल गिलहरी	*(रेतुफा बिकोलोर)*	अनुसूची
8.	मुंजक	*((मुनटीक्स मुनतजक))*	अनुसूची - III
9.	सांभर हिरण	*(केरवुस यूनिकोलोर)*	अनुसूची
10.	जंगली सूअर	*(सस स्क्रोफ़ा)*	अनुसूची
11.	पांच धारीदार गिलहरी	*(फनाम्बुलुस पेन्नंती)*	अनुसूची
सरीसृप और उभयचर			
1.	इंडियन पायथन	*(गेनुस पायथन)*	अनुसूची – I
2.	सामान्य मॉनिटर लिर्जाड	*(वरानुस गरीसूस*	अनुसूची
3.	भारतीय टेंट टुरटले	*(काचुगटक्टा टेक्टा)*	अनुसूची
4.	गैक्को	*(कलादुक्टयलोदीस उयरेउस)*	अनुसूची
5.	सामान्य कोबरा	*(नाजा स्पा)*	अनुसूची – II
पक्षी जीव (पक्षी)			
1.	वाइट विंजेड वुड डुक	(कैरीना स्कुटुलाटा)	अनुसूची -I
2.	हॉन बिल्ल	*(पटीलालाइमुस टीक्काली उयस्टेनि)*	अनुसूची
3.	भारतीय पिइड हॉन बिल्ल	*(अंथराकोकेरोस मालाबरिकुस*	अनुसूची
4.	ओसपरेय	*(पंदीओन हलिटटुस)*	अनुसूची
5.	हील्ल मैना	*(ग्राकुला रेलिगिओसा इंडिका)*	अनुसूची
6.	कालिज फैसांत	*(लोफुरस लेउकोमाला)*	अनुसूची
7.	बब्बलेरस	*(टीमालिनाया स्पा.)*	अनुसूची –IV
8.	बारबेटस	*(कपिटोनिदेया स्पा.)*	अनुसूची
9.	बिट्टेरंस	*(अरदीदेया स्पा.)*	अनुसूची
10.	बुलबुलस	*(पायकनोनोटीदिया स्पा)*	अनुसूची
11.	कोरमोरांटस	*(फलाक्रोकोरासिदिया)*	अनुसूची
12.	उक्कौस	*(कुकुलिदिया)*	अनुसूची
13.	डारटेरस	*(फलाक्रोकोराकिदिया)*	अनुसूची
14.	डरोवेस	*(कुलुम्बिदिया)*	अनुसूची
15.	इगरेटस	*(अरीदेदिया)*	अनुसूची
16.	बलुइ जायस	*(कोराकिदेया)*	अनुसूची
17.	जंगल फोवल	*(फसिअनीदिया)*	अनुसूची

18.	किंग फिशर	*(अल्केदिनिदिया)*	अनुसूची
19.	मगपिइस	*(कोरविदिया)*	अनुसूची
20.	मिनिवेटस	*(कामपफागिदिया)*	अनुसूची
21.	मुनिअस	*(इस्टरीलिदिनाया)*	अनुसूची
22	मयनाह	*(स्तुरनिडे)*	अनुसूची
23	ओरिओलस	*(ओरिओलिडे)*	अनुसूची
24	ओवलस	*(स्टरिगिदिडे)*	अनुसूची
25	पररकैटस	*(पसिट्टाकिडे)*	अनुसूची
26	साल	*(कोलुम्बिडे)*	अनुसूची
27	टेअलस	*(अनातीडे)*	अनुसूची
28	ट्री पिइस	*(कोरविडे)*	अनुसूची
29	बायस	*(पलोकेइडे)*	अनुसूची
30	वुड पेक्केरस	*(पिकिडे)*	अनुसूची
31	टीटस	*(परिदे)*	अनुसूची

उपाबंध VI

होल्लोनगपर गिब्बन अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों की सूची

क्र.सं.	ग्राम के नाम	तालुका/ मौज़ा	जीपीएस निर्देशांक	
			अक्षांश	देशांतर
1	भाग का मारोंगिअल गांव	नाकाचारी	26°40′23.56″उ	94°24′19.47″ पू
2	पश्चिमी भाग का डेबेरापार चारीअली	नाकाचारी	26°41′15.5″उ	94°23′58.2″पू
3	नागाकाटा गांव	नाकाचारी	26°39′10.3″उ	94°23′49.3″पू
4	ना-पाम गांव	नाकाचारी	26°39′16.0″उ	94°24′11.1″पू
5	दीहींगिया गांव	नाकाचारी	26°40′13.5″उ	94°23′11.2″पू
6	चिनतोली गांव	नाकाचारी	26°40′01.56″उ	94°23′43.05″पू
7	मयतजुली गांव	नाकाचारी	26°39′36.1″उ	94°23′23.3″पू
8	खाटीसोना गांव	नाकाचारी	26°40′33.4″उ	94°22′12.6″पू
9	तरउल भेटा गांव	नाकाचारी	26°41′46.12″उ	94°23′0.27″पू
10	रतनपुर गांव	नाकाचारी	26°40′45.1″उ	94°22′58.5″पू
11	काराजिपर गांव	नाकाचारी	26°40′36.7″उ	94°22′31.0″पू
12	अफलामुख गांव	नाकाचारी	26°41′04.3″उ	94°22′54.7″पू
13	कलिया गांव	नाकाचारी	26°40′49.6″उ	94°22′2.54″पू
14	2 नम्बर दरीकिल राजाबरी	नाकाचारी	26°42′20.8″उ	94°23′19.7″पू
15	पश्चिमी भाग का नागादेरा	नाकाचारी	26°43′31.1″उ	94°23′39.4″पू
16	जोतोकिया गांव	नाकाचारी	26°43′58.09″उ	94°20′54.39″पू
17	नैमती गांव	नाकाचारी	26°40′54.8″उ	94°22′52.6″पू
18	फसुअल गांव	नाकाचारी	26°43′48.6″उ	94°20′55.6″पू
19	करी गांव	नाकाचारी	26°44′11.3″उ	94°20′25.9″पू
20	भुगपुर गांव	नाकाचारी	26°42′21.1″उ	94°20′28.1″पू

21	गोबिंपुर गांव	नाकाचारी	26°42′15.58″उ	94°20′14.58″पू
22	मधुपुर गांव	नाकाचारी	26°42′18.2″उ	94°20′14.7″पू
23	तुनिमुख गांव	नाकाचारी	26°42′32.2″उ	94°20′06.9″पू
24	गोसपुरिया गांव	नाकाचारी	26°43′44.3″उ	94°20′28.4″पू
25	हींदुबरी गांव	नाकाचारी	26°43′39.5″उ	94°18′40.3″पू
26	मेलेंग लखिपुर गांव	नाकाचारी	26°40′56.4″उ	94°21′37.7″पू

उपाबंध-VII

पारिस्थितिकी संवेदी जोन की निगरानी समिति-की गई कार्रवाई सम्बन्धी रिपोर्ट का प्रपत्र

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत को एक पृथक उपाबंध में प्रस्तुत करें ।
3. पर्यटन महायोजना सहित आंचलिक महायोजना की तैयारी की स्थिति ।
4. भू-अभिलेखों की स्पष्ट त्रुटियों के सुधार के लिए निबटाए गए मामलों का सार। विवरण उपाबंध के रुप में संलग्न करें।
5. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार । विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें ।
6. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार । विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 7th May, 2018

S.O. 1828(E).—The following draft of Notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said Draft Notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposal contained in the Draft Notification may forward the same in writing for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jor Bagh Road, Aliganj, New Delhi-110003 or send it to the e-mail address of the Ministry at esz-mef@nic.in.

Draft Notification

WHEREAS, the Hollongapar-Gibbon Sanctuary was notified by the Government of Assam vide Notification No. FRS/37/97/13, dated 30.07.1997, by upgrading the conservation status of the Hollongapar Reserve Forest declared earlier vide Notification No. 8, dated 27.08.1881;

AND WHEREAS, the Sanctuary is an important protected area of 2098.621 ha (20.98 Sq km) and situated in Jorhat District of Assam state. The pass through it and the perennial river Bhogdoi passes along the catchment ecological environment of the sanctuary is unique where several seasonal small streams comprising of Hollongapar Mouza (Taluka) and Nakachari Mouza (Taluka) of Jorhat District which are the main sources of water for the animals in the sanctuary;

